६

प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.01.2026 / 11:00बजे

तबादले

राज्य सरकार ने हजारों कर्मचारियों को राहत देते हुए ग्रुप–सी और ग्रुप डी कर्मचारियों के सामान्य तबादलों पर लगी रोक को हटा दिया है। यह छूट 31 मार्च 2026 तक के लिए प्रदान की गई है। हालांकि यह निर्णय शिक्षा, एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के शिक्षण संवर्ग पर लागू नहीं होगा। कार्मिक विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत अब संबंधित विभागों के मंत्री अपने अपने विभागों में तबादलों को मंजूरी दे सकेंगे। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेशों के तहत सामान्य तौर पर उसी कर्मचारी का तबादला किया जा सकेगा जिसने वर्तमान तैनाती स्थल पर तीन वर्ष का सामान्य कार्यकाल पूर कर लिया हो। सरकार ने सीमा तय करते हुए कहा है कि किसी भी विभाग में तबादले काडर की कुल संख्या की तीन फीसदी से अधिक नहीं होंगे।

मकर संक्रांति

प्रदेश भर में आज मकर संक्राति का पर्व श्रद्धा भाव व आस्था के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश भर में आज लोग स्थानीय मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर पूजा–अर्चना और पवित्र स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। .मंडी जिला के धर्मपुर, बल्ह, सुंदरनगर, जोगिंद्रनगर, पधर, करसोग और बालीचौकी उपमंडलों में मकर संक्रांति के अवसर पर आज स्थानीय अवकाश रहेगा। इन उपमंडलों में सभी सरकारी कार्यालय और शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे।

इधर शिमला जिला की सीमा पर स्थित धार्मिक स्थल तत्तापानी में तीन दिनों तक मनाया जाने वाला जिला स्तरीय मकर संक्राति लोहड़ी मेला बीते कल से शुरू हो गया है। तत्तापानी में मनाए जाने वाला यह मेला धार्मिक आस्था और विश्वास से जुड़ा हुआ है और यहां पर लोहड़ी और मकर संक्रांति के मौके पर स्नान करना शुभ माना जाता है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आज दिल्ली जाने का कार्यक्रम है। अपने दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित अन्य केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर सकतें है। इस दौरान वह केंद्र के समक्ष विशेष वित्तीय सहायता पैकेज के साथ साथ मौजूदा ऋण सीमा में बढोतरी करने की मांग करेंगे।

गणतंत्र दिवस

गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस वर्ष राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन कांगड़ा जिला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला परागपुर के खेल मैदान में किया जाएगा। समारोह की तैयारियों की जानकारी देते हुए उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया की इस राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी व एन एस एस कैडेट्स की टुकड़ियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया जाएगा और पुलिस विभाग के अलावा प्रदेश के विभिन्न जिलों से आमंत्रित सांस्कृतिक दलों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उपायुक्त ने आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक की और इस आयोजन को भव्य बनाने के प्रयास की बात कही।

उड़ान सेवा

इसके तहत शिमला–रामपुर–रिकांगपिओ और शिमला–कुल्लू हवाई रूट पर हैली टैक्सी सेवा आज से शुरू होगी। ये जानकारी देते हुए उपायुक्त किन्नौर अमित कुमार शर्मा ने बताया कि हैली टैक्सी सेवा शुरू होने से किन्नौर जिला में हवाई कनैक्टीविटी की सुविधा विशेषतौर पर इमरजेंसी सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी।

हिमकेयर कार्ड

प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के तहत पंजीकृत सभी कामगारों को अब हिमकेयर कार्ड योजना का लाभ मिलेगा। कल प्रदेश सचिवालय में हुई बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ये कामगार, समाज का अभिन्न अंग हैं और राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है। मुख्यमंत्री ने कामगारों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ प्रदान करने के लिए बोर्ड को प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत कामगारों को लाभ प्रदान करने के लिए अभी तक लगभग 500 करोड़ रुपये व्यय किये जा चुके हैं।

मौसम

प्रदेश भर में न्यूनतम तापमान में आ रही गिरावट से शीतलहर का प्रकोप जारी है और राज्य के 18 से अधिक स्थानों पर न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे चल रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा के अनुसार आज मौसम शुष्क बना रहेगा जबकि कल 15 जनवरी की रात से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा जिससे 3 दिनों तक ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश और हल्की बर्फबारी हो सकती है।